<u>समाचार</u>

मैगज़ीनभांटा नाले में कलवर्ट और एप्रोच मार्ग के निर्माण की मंत्री श्री देवांगन ने रखी नींव

(03 वार्डों को मिलेगी आवागमन में सहूलियत, 25 लाख रूपये के कार्यों का भूमिपूजन संपन्न)

कोरबा 06 दिसम्बर 2024 – नगर विधायक और वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 23 पंडित रविशंकर शुक्ल नगर मैगज़ीनभांटा स्थित कच्चे नाला पर कलवर्ट और एप्रोच मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कुल 25 लाख रूपये की लागत से होने वाले उपरोक्त कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा पूजा अर्चना कर विकास कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल नगर वॉर्ड से खरमोरा और दादरखुर्द वार्ड के रहवासियों की आवाजाही में पिछले कई वर्षों से परेशानी बनी हुई थी। विधानसभा चुनाव में जब क्षेत्र की जनता ने इन परेशानियों से अवगत कराया था, तब मैंने वादा किया था। आज इस वादे को निभाते हुए कार्यों का श्री गणेश किया जा रहा है। कलवर्ट और एप्रोच रोड बनने के बाद लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को किसी भी तरह से मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं होना पड़ेगा। हमारी कोशिश है कि

सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्द प्रारम्भ कराकर पूर्ण भी कराएं। मंत्री श्री देवांगन ने निगम के अधिकारियों से कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने और गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद अब्दुल रहमान, सुकुंदी यादव, अजय गोंड़, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सुमन सोनी, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, डॉ राजेश राठौर, गुड़िया यादव, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, चन्दन सिंह, रमा मिरि, गोपालाल राठिया, हेमंत चंद्रा समेत काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

रविवार को 04 वार्डों के 01 करोड़ के कार्यों की रखेंगे आधारशिला– उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन रविवार को वार्ड क्रमांक 32 कोसाबाड़ी ओम फ्लेट्स के समीप सामुदायिक भवन में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में चार वार्डों में होने वाले सवा करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे।